## PART - I : सामान्य ज्ञान (GENERAL KNOWLEDGE)

1 Who among the following won the Lifetime Service Award for Wildlife Conservation, 2020 ?

(A) Theodore Baskaran (B) Deepak Kabra

(C) Pawan Singh (D) P. V. Sindhu

वन्य जीव संरक्षण, 2020 के लिए लाइफ टाइम सर्विस पुरस्कार निम्नलिखित में से किसने जीता है ?

(A) थिओडोर बास्करन (B) दीपक काबरा

(C) पवन सिंह (D) पी. वी. सिन्धु

2 How many major types of soils are found in India ?

(A) Six (B) Seven

(C) Ten (D) Eight

भारत में मुख्य कितने प्रकार की मृदा पायी जाती है ?

(A) छः (B) सात

(C) दस (D) आठ

3 When is the National Maritime Day celebrated in India ?

(A) 5th April (B) 6th April

(C) 7th April (D) 8th April

भारत में राष्ट्रीय मेरीटाइम (समुद्री) दिवस कब मनाया जाता है ?

(A) 5 अप्रैल (B) 6 अप्रैल

(C) 7 अप्रैल (D) 8 अप्रैल

4 When did the Wildlife (Protection) Act came into operation in India ?

वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम भारत में कब लागू किया गया ?

(A) 1965 (B) 1972

(C) 1974 (D) 1982

5 Which of the following is also known as 'Plus 5 Summit' in relation to protection of the Earth and its environment ?

(A) First Earth Summit (B) Second Earth Summit

(C) Kyoto Protocol (D) Montreal Protocol

पृथ्वी और उसके पर्यावरण के संरक्षण के सन्दर्भ में निम्न में से किसे 'प्लस 5 सम्मिट' के नाम से भी जाना जाता है ?

(A) प्रथम पृथ्वी सम्मेलन (B) द्वितीय पृथ्वी सम्मेलन

(C) क्योटो प्रोटोकाल (D) मान्ट्रीयल प्रोटोकाल



Shot on 1

Scanned with CamScanner

6 In which 'Misla' Maharaja Ranjit Singh was born ?

(A) Dalenalia (B) Fulkia

(C) Sukkar Chakia (D) Ahruwalia

महाराजा रणजीत सिंह का जन्म किस 'मिस्ल' में हुआ था ?

(A) डलेनालिया (B) फुलकिया

(C) सुक्कर चकिया (D) अहरुवालिया

7 Which of the following is known as Morley-Minto Reforms ?

(A) Government of India Act, 1858 (B) Indian Council Act, 1861

(C) Indian Council Act, 1909 (D) Government of India Act, 1919

निम्नांकित में से किसको मार्ले–मिन्टो सुधार कहा जाता है ?

(A) भारत सरकार अधिनियम, 1858 (B) भारत परिषद् अधिनियम, 1861

(C) भारत परिषद् अधिनियम, 1909 (D) भारत सरकार अधिनियम, 1919

8 Who was one of the founders of Deccan Education Society ?

(A) Gopal Krishna Gokhale (B) Bal Gangadhar Tilak

(C) Lala Lajpat Rai (D) Indira Gandhi

इनमें से कौन 'डेकेन एजूकेशन सोसाइटी' के संस्थापकों में से एक थे ?

(A) गोपाल कृष्ण गोखले (B) बाल गंगाधर तिलक

(C) लाला लाजपत राय (D) इन्दिरा गांधी

9 Who among the following was the author of the Book 'The Indian Struggle' ?

(A) Mahatma Gandhi (B) J. L. Nehru

(C) Subhash Chandra Bose (D) Mountbaten

'द इण्डियन स्ट्रगल' नामक पुस्तक के लेखक निम्नलिखित में से कौन एक थे ?

(A) महात्मा गांधी (B) जे. एल. नेहरू

(C) सुभाष चन्द्र बोस (D) माउन्टबेटन

10 Which one of the following is the correct sequence of habitat of following Indian Tribes from West to East ?

(A) Khasi - Garo - Naga - Jaintia (B) Naga - Jaintia - Khasi - Garo

(C) Garo - Khasi - Jaintia - Naga (D) Jaintia - Naga - Garo - Khasi

निम्नलिखित भारतीय जनजातियों का पश्चिम से पूर्व सही क्रम निम्न में से कौन सा है ?

(A) खासी – गारो – नागा – जैन्तिया (B) नागा – जैन्तिया – खासी – गारो

(C) गारो – खासी – जैन्तिया – नागा (D) जैन्तिया – नागा – गारो – खासी



Scanned with CamScanner

11 Which one of the following is not correctly matched ?
(A) Dampa Sanctuary - Mizoram
(B) Valmiki Reserve - Bihar
(C) Rohla National Park - Himachal Pradesh
(D) Gandhi Sagar Sanctuary - Rajasthan

निम्न में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है ?
(A) डैम्पा अभयारण्य – मिजोरम
(B) वाल्मीकि रिजर्व – बिहार
(C) रोहला राष्ट्रीय उद्यान – हिमाचल प्रदेश
(D) गांधी सागर अभयारण्य – राजस्थान

1011940

12 Who is empowered to finally determine whether a Bill is a Money Bill or not ?
(A) The Speaker of Lok Sabha (B) The Finance Minister
(C) The Chairman of Rajya Sabha (D) The President of India

कोई विधेयक धन विधेयक है या नहीं, अन्तिम तौर पर विनिश्चित करने के लिए कौन सक्षम होता है ?
(A) लोक सभा का अध्यक्ष (B) वित्त मंत्री
(C) राज्य सभा के सभापति (D) भारत के राष्ट्रपति

13 Who demanded 'a representative body' freely elected by people to frame a Constitution for India in 1922 ?
(A) M. K. Gandhi (B) Jawahar Lal Nehru
(C) Moti Lal Nehru (D) Sardar Vallabhbhai Patel

भारत के लिए संविधान बनाने के लिए सन् 1922 में लोगों (जनता) द्वारा स्वतन्त्र रूप से चुने गये 'प्रतिनिधि निकाय' की मांग किसने की थी ?
(A) एम. के. गांधी (B) जवाहर लाल नेहरू
(C) मोती लाल नेहरू (D) सरदार वल्लभभाई पटेल

14 Which one of the following is not correctly matched ?
(A) Citizenship - Part II of the Constitution
(B) Fundamental Rights - Part III of the Constitution
(C) Fundamental Duties - Part VI A of the Constitution
(D) Union Territories - Part VIII of the Constitution

निम्नलिखित में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है ?
(A) नागरिकता – संविधान का भाग II
(B) मूल अधिकार – संविधान का भाग III
(C) मूल कर्त्तव्य – संविधान का भाग VI A
(D) केन्द्र शासित प्रदेश (यूनियन टेरीटरीज) – संविधान का भाग VIII

15 When India became a member of International Monetary Fund ?
भारत कब अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का सदस्य बना ?
(A) 1945 (B) 1950
(C) 1951 (D) 1952



Shot on

Scanned with CamScanner

16 With reference to volcanoes, which of the statements is/are correct ?

(1) Extensive chains of volcanoes have been responsible for both omitting and then removing atmospheric carbon dioxide over geographical time.

(2) This process stabilize the temperature of Earth's surface.

Select the correct answer using the code given below :

(A) (1) only (B) (2) only

(C) Both (1) and (2) (D) Neither (1) nor (2)

ज्वालामुखी के सन्दर्भ में कौन सा/से कथन सत्य है/हैं ?

(1) ज्वालामुखी की विस्तृत शृंखला वायु मंडलीय कार्बन डाईआक्साइड के उत्सर्जन एवं हटाने की भूवैज्ञानिक समय में जिम्मेदार माना गया है ।

(2) यह प्रक्रिया पृथ्वी के सतह का तापमान स्थिर करती है ।

नीचे दिये गये कोड से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) केवल (1) (B) केवल (2)

(C) (1) एवं (2) दोनों (D) (1) एवं (2) दोनों नहीं

17 In which year the 'Ganga Action Plan' was started ?

'गंगा एक्शन प्लान' किस वर्ष में प्रारम्भ हुआ ?

(A) 1982 (B) 1986

(C) 1995 (D) 2003

18 Which State Government started the web based platform 'Pratibimba' to project government's achievement, in March 2017 ?

(A) Maharashtra (B) Madhya Pradesh

(C) Karnataka (D) Tamil Nadu

किस राज्य सरकार ने सरकार की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए वेब आधारित मंच 'प्रतिबिम्ब', मार्च 2017 में शुरू की ?

(A) महाराष्ट्र (B) मध्य प्रदेश

(C) कर्नाटक (D) तमिलनाडु

19 With which country India carried out the joint military exercise 'Vajra Prahar 2021' ?

(A) France (B) Japan

(C) U.S.A. (D) Sri Lanka

भारत ने किस देश के साथ संयुक्त सैनिक युद्धाभ्यास 'वज्र प्रहार 2021' किया है ?

(A) फ्रांस (B) जापान

(C) यू.एस.ए. (D) श्रीलंका

20 As per the women ranking announced in February 2021 by the Table Tennis Federation of India, who secured the first position ?

(A) Sreeja Akula (B) Monika Batra

(C) Mousami Pal (D) Ankita Das

फरवरी 2021 में अखिल भारतीय टेबुल टेनिस संघ द्वारा घोषित महिला (वूमन) रैंकिंग में प्रथम स्थान किसे मिला है ?

(A) श्रीजा अकुला (B) मोनिका बत्रा

(C) मौसमी पाल (D) अंकिता दास



Shot on

Scanned with CamScanner

21 Which of the following research focuses on improvement in present situations ?
(A) Experimental Research
(B) Fundamental Research
(C) Action Research
(D) Survey Research
निम्न में से कौन सा शोध वर्तमान परिस्थितियों में सुधार पर केन्द्रित है ?
(A) प्रायोगिक शोध
(B) मौलिक शोध
(C) क्रियात्मक शोध
(D) सर्वेक्षण शोध

22 Data originally collected in the process of investigation are known as -
(A) Foreign Data
(B) Primary Data
(C) Secondary Data
(D) Tertiary Data
जांच–पड़ताल की प्रक्रिया से एकत्रित किए गये मूल आंकड़ों को कहते हैं :
(A) विदेशी आंकड़े
(B) प्राथमिक आंकड़े
(C) द्वितीयक आंकड़े
(D) तृतीयक आंकड़े

23 'National Council for Teacher Education', as a statutory body came into existence during-
(A) Sixth Five Year Plan period
(B) Seventh Five Year Plan period
(C) Eighth Five Year Plan period
(D) Ninth Five Year Plan period
'राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद्' एक सांविधिक निकाय के रूप में अस्तित्व में आया –
(A) छठी पंचवर्षीय योजना काल में
(B) सातवीं पंचवर्षीय योजना काल में
(C) आठवीं पंचवर्षीय योजना काल में
(D) नवीं पंचवर्षीय योजना काल में

24 Skill in writing using an excellent organisation of ideas and statements is an example of :
(A) Analysis
(B) Synthesis
(C) Comprehension
(D) Application
विचारों एवं कथनों का उत्कृष्ट संगठन करते हुये लिखने का कौशल एक उदाहरण है :
(A) विश्लेषण का
(B) संश्लेषण का
(C) बोध (समझ) का
(D) अनुप्रयोग का

25 With reference to the 'Calculation of Means' which of the following statements is/are correct ?
(i) Distribution of data is normal.
(ii) There is importance of every score.
(iii) Exactness and reliability is needed.
Select the correct answer using the code given below :
(A) (i) only
(B) (i) and (ii) only
(C) (ii) and (iii) only
(D) (i), (ii) and (iii)
मध्यांक की गणना के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?
(i) आंकड़ों का वितरण सामान्य है ।
(ii) प्रत्येक आंकड़ा (स्कोर) महत्वपूर्ण है ।
(iii) शुद्धता और विश्वसनीयता की आवश्यकता है ।
नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए :
(A) केवल (i)
(B) केवल (i) एवं (ii)
(C) केवल (ii) एवं (iii)
(D) (i), (ii) एवं (iii)


Shot on
Scanned with CamScanner

26 What does the term 'F T P' stand for in computer ?

(A) File Testing Protocol
(B) File Transfer Protocol
(C) Fixed Transfer Protocol
(D) Firm Transfer Protocol

संगणक में शब्द 'एफ टी पी' का क्या अर्थ है ?

(A) फाइल टेस्टिंग प्रोटोकाल
(B) फाइल ट्रान्सफर प्रोटोकाल
(C) फिक्स्ड ट्रान्सफर प्रोटोकाल
(D) फर्म ट्रान्सफर प्रोटोकाल

27 In the context of internet, the bandwidth is -

(A) Number of bits transferred by a channel per unit area
(B) Number of bytes transferred by a channel per unit time
(C) Number of bytes transferred by a channel per unit area
(D) Number of bits transferred by a channel per unit time

इण्टरनेट के सन्दर्भ में बैंडविथ है –

(A) एक चैनल द्वारा प्रति यूनिट क्षेत्रफल में ट्रान्सफर बिट्स की संख्या
(B) एक चैनल द्वारा प्रति यूनिट समय में ट्रान्सफर बाइट्स की संख्या
(C) एक चैनल द्वारा प्रति यूनिट क्षेत्रफल में ट्रान्सफर बाइट्स की संख्या
(D) एक चैनल द्वारा प्रति यूनिट समय में ट्रान्सफर बिट्स की संख्या

28 Which of the following is not a social site in an electronic device ?

(A) Facebook
(B) Instagram
(C) Yahoo
(D) Twitter

निम्नलिखित में से कौन सा एक इलेक्ट्रानिक उपकरण में सोशल साइट नहीं है ?

(A) फेसबुक
(B) इन्स्टाग्राम
(C) याहू
(D) ट्वीटर

29 In the context of computer memory, the expression 'T B' stands for -

(A) Tetra Bit
(B) Tera Bit
(C) Tera Byte
(D) Tetra Byte

संगणक के भंडारण के सम्बन्ध में शब्द 'टी बी' का क्या अर्थ होता है ?

(A) टेट्रा बिट
(B) टेरा बिट
(C) टेरा बाइट
(D) टेट्रा बाइट

30 Which of the following is an output device ?

(A) Keyboard
(B) Speaker
(C) Mouse
(D) Scanner

निम्नांकित में से कौन एक आउटपुट डिवाइस है ?

(A) कीबोर्ड
(B) स्पीकर
(C) माउस
(D) स्कैनर



Scanned with CamScanner

## PART - II : वैकल्पिक विषय (OPTIONAL SUBJECT)

31 'रसलीन' का मूल नाम क्या है ?

(A) सैय्यद मुस्तफा
(B) मुहम्मद सईद
(C) सईद अहमद
(D) सैय्यद गुलाम नबी

32 'भारतेन्दु की अकेली प्रतिभा ने हिन्दी नाटक साहित्य, हिन्दी नाट्यशास्त्र तथा हिन्दी रंगमंच की स्थापना की ।' यह कथन किसका है ?

(A) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(B) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) डॉ. रामविलास शर्मा
(D) डॉ. रामचंद्र तिवारी

33 सुमित्रानन्दन पंत ने अपने किस काव्य-संग्रह को 'बाल कल्पना का दुधमुँहा प्रयास' कहा है ?

(A) पल्लव
(B) ग्रंथि
(C) वीणा
(D) उच्छ्वास

34 'दूसरा सप्तक' का प्रकाशन वर्ष क्या है ?

(A) 1951 ई.
(B) 1952 ई.
(C) 1950 ई.
(D) 1960 ई.

35 'किले में औरत' किस कवि की कविता है ?

(A) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
(B) पवन करण
(C) रघुबीर सहाय
(D) अरुण कमल

36 डॉ. गोपाल राय ने किस कृति को हिन्दी का पहला उपन्यास माना है ?

(A) परीक्षागुरु
(B) भाग्यवती
(C) देवरानी जेठानी की कहानी
(D) वामा शिक्षक

37 'फाँस' उपन्यास का मूल कथ्य क्या है ?

(A) गरीब-अमीर का संघर्ष
(B) किसान-आत्महत्या
(C) स्त्री-संघर्ष
(D) दलित-संघर्ष

38 'सचेतन कहानी' की अवधारणा किस कहानीकार की है ?

(A) मोहन राकेश
(B) कमलेश्वर
(C) राजेन्द्र यादव
(D) महीप सिंह



Shot on

Scanned with CamScanner

39 निम्नलिखित नाटक एवं नाटककारों को सुमेलित कीजिए ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | अभंगगाथा | (i) | विभु कुमार |
| (b) | ताले में बंद प्रजातंत्र | (ii) | असगर वजाहत |
| (c) | वायरस | (iii) | नरेन्द्र मोहन |
| (d) | इत्ता की आवाज़ | (iv) | राजेश जैन |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (B) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (C) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

40 'भारत दुर्दशा' को निम्नलिखित में से क्या माना जाता है ?

(A) नाटिका
(B) नाट्य रासक
(C) प्रहसन
(D) गीति रूपक

41 'सौभाग्य और दुर्भाग्य मनुष्य की दुर्बलता के नाम हैं ।' यह किसका कथन है ?

(A) ध्रुवस्वामिनी
(B) कोमा
(C) शकराज
(D) चन्द्रगुप्त

42 'लंका की एक रात' के निबंधकार कौन हैं ?

(A) विद्यानिवास मिश्र
(B) कुबेरनाथ राय
(C) बालकृष्ण भट्ट
(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

43 'मिला तेज से तेज' किस विधा की रचना है ?

(A) संस्मरण
(B) रेखाचित्र
(C) जीवनी
(D) आत्मकथा

44 'अपनी जमीं अपना आसमां' की लेखिका कौन हैं ?

(A) कौशल्या बैसंत्री
(B) सुशीला टाकभौरे
(C) रजनी तिलक
(D) रेखा करतवार

45 'कछुवा धर्म' निबंध के लेखक कौन हैं ?

(A) पद्मसिंह शर्मा
(B) चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी'
(C) बालकृष्ण भट्ट
(D) बालमुकुन्द गुप्त

46 'आप हुदरी' किस साहित्यकार की आत्मकथा है ?

(A) कौशल्या बैसंत्री
(B) कुसुम अंसल
(C) रमणिका गुप्ता
(D) चित्रा मुद्गल

101119140



Scanned with CamScanner

47 भरतमुनि के रससूत्र में प्रयुक्त 'निष्पत्ति' का अर्थ 'उत्पत्ति' किस आचार्य ने माना है ?

(A) अभिनव गुप्त
(B) भट्ट लोल्लट
(C) भट्ट नायक
(D) शंकुक

48 किस आचार्य ने दृष्ट (प्रीति) और अदृष्ट (कीर्ति) को काव्य प्रयोजन माना है ?

(A) कुंतक
(B) दण्डी
(C) वामन
(D) रुद्रट

49 रीति के आधारभूत तत्व के रूप में वामन का कैसा दृष्टिकोण है ?

(A) विशुद्ध सौन्दर्यवादी
(B) विशुद्ध शिल्पवादी
(C) विशुद्ध कथ्यवादी
(D) विशुद्ध रसवादी

50 चलती चाकी देख के, दिया कबीरा रोय
दो पाटन के बीच में, साबुत बचा न कोय ॥
काव्यपंक्तियों में कौन सी शब्द शक्ति है ?

(A) अभिधा
(B) लक्षणा
(C) व्यंजना
(D) विलक्षणा

51 लोन्जाइनस ने 'उदात्तता' का विवेचन किस ग्रंथ में किया है ?

(A) पोयटिक्स
(B) मोरल फिलासफी
(C) ऑन द सब्लाइम
(D) क्रिटिकल ऑबजर्वेशंस

52 किस पाश्चात्य विचारक ने 'कला और सहजानुभूति' को अभिन्न माना है ?

(A) बेनेदितो क्रोचे
(B) आई. ए. रिचर्डस
(C) स्पिन गार्न
(D) टी. एस. इलियट

53 'नयी समीक्षा' के केन्द्र में कौन है ?

(A) कृतिकार
(B) कृति
(C) समाज
(D) युगीन परिस्थितियाँ

54 वस्तु, घटना, व्यापार, गुण, विशेषता विचार आदि साकार-निराकार पदार्थों और मानस क्रियाओं को कवि किसके द्वारा प्रत्यक्ष और इन्द्रिय ग्राह्य बनाता है ?

(A) मिथक के द्वारा
(B) कल्पना के द्वारा
(C) प्रतीक के द्वारा
(D) बिम्ब के द्वारा

55 'प्रतीकवाद' की सर्वप्रथम घोषणा करने वाले विचारक कौन थे ?

(A) एमिल जोला
(B) कीट्स
(C) जीन मोरे
(D) जेम्स ज्वाइस



Shot on
Scanned with CamScanner

56 'छायावाद' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(A) रमेश चन्द्र शाह
(B) डॉ. देवराज
(C) नामवर सिंह
(D) नन्ददुलारे बाजपेयी

57 'जाति का विनाश' पुस्तक के लेखक का नाम क्या है ?

(A) सुरेन्द्र अज्ञात
(B) चन्द्रिका प्रसाद जिज्ञासु
(C) कँवल भारती
(D) डॉ. भीमराव अंबेडकर

58 'धर्मकथा' 'पुरावृत्त' या 'पुराकथा' के लिए आलोचना की शब्दावली में किस शब्द का प्रयोग किया जाता है ?

(A) मौखिक
(B) देवकथा
(C) मिथास
(D) मिथक

59 'सर्वोदय' और 'ट्रस्टीशिप' के सिद्धान्त किस दर्शन के आधार माने जाते हैं ?

(A) मार्क्सवाद
(B) एकात्म मानववाद
(C) गांधीवाद
(D) लोकतांत्रिक समाजवाद

60 ओमप्रकाश वाल्मीकि की आत्मकथा का नाम क्या है ?

(A) मुरदहिया
(B) संताप
(C) उठाईगीर
(D) जूठन

61 'उन्होंने सामान्य हृदय तत्व की सृष्टि व्यापिनी भावना द्वारा मनुष्य और पशु पक्षी सबको एक जीवन सूत्र में बद्ध देखा है ।'

(A) तुलसीदास
(B) सूरदास
(C) जायसी
(D) घनानन्द

62 'विद्यापति की कविता का स्थापत्य शृंगारिक है । उसे आध्यात्मिक कहना खजुराहो के मंदिरों को आध्यात्मिक कहना है ।' पंक्तियों के लेखक कौन हैं ?

(A) डॉ. बच्चन सिंह
(B) डॉ. रामचन्द्र तिवारी
(C) डॉ. रामविलास शर्मा
(D) डॉ. विष्णुकांत शास्त्री

63 'इसमें कोई संदेह नहीं कि कबीर को 'रामनाम' रामानन्द से प्राप्त हुआ पर आगे चलकर कबीर के राम रामानंद के राम से भिन्न हो गये ।' यह किसका कथन है ?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(C) डॉ. रामकुमार वर्मा
(D) परशुराम चतुर्वेदी



Shot on
Scanned with CamScanner

64 'धान को गाँव पयार ते जानौ
ज्ञान विषयरस भोरे
सूर सो बहुत कहै न रहे रस
गूलर को फल फोरे ।'
इसमें अंतिम पंक्ति का क्या अर्थ है ?
(A) गूलर में रस नहीं है ।
(B) गूलर का फल रुखा है ।
(C) गूलर का फल खट्टा है ।
(D) ढकी छिपी बात खोलने से कही गई बात का आनन्द समाप्त हो जाता है ।

65 'कामायनी' का नौवां सर्ग कौन सा है ?
(A) कर्म
(B) ईर्ष्या
(C) इड़ा
(D) स्वप्न

66 निराला की 'राम की शक्तिपूजा' किससे प्रेरित होकर लिखी गई है ?
(A) गीतांजलि से
(B) 'कृतिवास' रामायण से
(C) रामचरित मानस से
(D) वाल्मीकि रामायण से

67 'जिन्दगी निष्क्रिय बन गयी तलघर
अब तक क्या किया
जीवन क्या जिया' – ये किस कवि की पंक्तियाँ हैं ?
(A) मुक्तिबोध की
(B) धूमिल की
(C) रघुवीर सहाय की
(D) नागार्जुन की

68 प्रेमचंद का कौन सा उपन्यास पहले उर्दू में 'बाजारे हुस्न' के नाम से लिखा गया था ?
(A) प्रेमाश्रम
(B) कायाकल्प
(C) सेवासदन
(D) रंगभूमि

69 'उसने कहा था' कहानी का प्रकाशन किस वर्ष हुआ था ?
(A) सन् 1914 ई.
(B) सन् 1915 ई.
(C) सन् 1916 ई.
(D) सन् 1917 ई.

70 'अंधायुग' का वह कौन सा पात्र है जो अभिशप्त जीवन जीने को बाध्य है ?
(A) दुर्योधन
(B) युयुत्सु
(C) धृतराष्ट्र
(D) अश्वत्थामा

71 'मृदंगिया' किस कहानी का पात्र है ?
(A) लाल पान की बेगम का
(B) पंचलाइट का
(C) संवदिया का
(D) रसप्रिया का



0119401
Scanned with CamScanner

72 'वैद्यजी' किस उपन्यास के पात्र हैं ?
(A) झूठा सच
(B) भूले बिसरे चित्र
(C) राग दरबारी
(D) विश्रामपुर का संत

73 'पिता गये, माता गयी, गुरुदेव गये, कंधे से कंधा भिड़ाकर प्राण देने वाला चिर सहचर सिंहरण गया...।' चंद्रगुप्त नाटक में यह कथन किसका है ?
(A) चंद्रगुप्त
(B) चाणक्य
(C) मालविका
(D) अलका

74 'इस देश की प्रजा के हृदय में कोई स्मृति मंदिर बना जाने की शक्ति आप में है । पर यह सब तब हो सकता है कि वैसी स्मृति की कदर आपके हृदय में भी हो ।' इन पंक्तियों के लेखक कौन हैं ?
(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) बालमुकुन्द गुप्त
(C) बालकृष्ण भट्ट
(D) प्रताप नारायण मिश्र

75 'भाइयों अब तो नींद से जागो । अपने देश की सब प्रकार से उन्नति करो । जिसमें तुम्हारी भलाई हो वैसी ही किताब पढ़ो ।' यह कथन किस निबंध से लिया गया है ?
(A) वैष्णवता और भारतवर्ष
(B) आप
(C) भारत वर्षोन्नति कैसे हो सकती है ?
(D) शिव शंभू के चिट्ठे

76 'श्रद्धा ग्रहण करने की भी एक विधि होती है । मुझ से अभी सहज ढंग से श्रद्धा ग्रहण नहीं होती । अटपटा जाता हूँ । अभी 'पार्टटाइम' श्रद्धेय ही हूँ ।' यह कथन किस निबंध से लिया गया है ?
(A) श्रद्धा और भक्ति
(B) आचरण की सभ्यता
(C) विकलाँग श्रद्धा का दौर
(D) धर्म और समाज

77 'मनुष्य ही साहित्य का लक्ष्य है ।' यह किस आलोचक की स्थापना है ?
(A) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(B) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) डॉ. राम विलास शर्मा
(D) डॉ. नामवर सिंह

78 'कुत्ते की आवाज़' रपट किस कृति में संकलित है ?
(A) मेरा परिवार
(B) अकेला मेला
(C) ऋणजल-धनु जल
(D) चीड़ों पर चाँदनी

79 'ब्रेख्त और एक उदासनगर' शीर्षक अध्याय किस पुस्तक में है ?
(A) सुधियां उस चंदन के वन की
(B) याद हो कि न याद हो
(C) चीड़ों पर चाँदनी
(D) अपनी खबर

80 विष्णु प्रभाकर को 'आवारा मसीहा' लिखने में कुल कितने वर्ष लगे ?
(A) ग्यारह वर्ष
(B) बारह वर्ष
(C) तेरह वर्ष
(D) चौदह वर्ष



10119940
Shot on
Scanned with CamScanner

81 किस विद्वान ने सर्वप्रथम आर्य भाषाओं के अध्ययन की ओर भाषा वैज्ञानिकों का ध्यान आकृष्ट किया ?

(A) विलियम जोन्स
(B) ग्रियर्सन
(C) बीम्स
(D) हार्नले

82 किस भाषा को प्राकृत और आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं के बीच की कड़ी कहा जाता है ?

(A) मैथिली
(B) अपभ्रंश
(C) तमिल
(D) तेलगू

83 हिन्दी की मूल उत्पत्ति किस अपभ्रंश से मानी जाती है ?

(A) मागधी अपभ्रंश
(B) शौरसेनी अपभ्रंश
(C) अर्द्धमागधी अपभ्रंश
(D) पैशाची अपभ्रंश

84 बघेली बोली को अवधी की 'दक्षिणी शाखा' किसने कहा ?

(A) हरदेव बाहरी
(B) कामता प्रसाद गुरु
(C) भोलानाथ तिवारी
(D) जार्ज ग्रियर्सन

85 'ब्रजबुलि' किस भाषा का एक कृत्रिम रूप है ?

(A) असमी
(B) ब्रजभाषा
(C) भोजपुरी
(D) बँगला

86 उच्चारण स्थान के आधार पर 'छ' ध्वनि कैसी ध्वनि है ?

(A) ओष्ठ्य
(B) दंतोष्ठ्य
(C) तालव्य
(D) जिह्वा मूलीय

87 राजभाषा आयोग की सिफारिशों पर विचार करने के लिए संसदीय समिति का गठन, किस अनुच्छेद के अन्तर्गत किया गया है ?

(A) 343
(B) 344
(C) 351
(D) 345

88 नागरी लिपि का विकास किस लिपि से हुआ है ?

(A) सैंधव लिपि
(B) खरोष्ठी लिपि
(C) यूनानी लिपि
(D) ब्राह्मी लिपि

89 प्राचीन नागरी का दक्षिण भारत में क्या नाम है ?

(A) देवनागरी
(B) आनन्दनागिरी
(C) नान्देनागरी
(D) ब्रह्मनागरी

90 'उदन्त मार्तण्ड' पत्र में खड़ी बोली का उल्लेख किस नाम से किया गया है ?

(A) हिन्दुस्तानी भाषा
(B) पूर्वी भाषा
(C) मध्यदेशीय भाषा
(D) प्राच्यदेशीय भाषा



Scanned with CamScanner

91 'हिन्दी प्रदीप' के संपादक कौन थे ?
(A) श्री निवासदास
(B) बालकृष्ण भट्ट
(C) दुर्गाप्रसाद मिश्र
(D) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमधन'

92 हिन्दी के प्रचार प्रसार में योगदान के लिए 1947 में कौन सी संस्था गठित हुई थी ?
(A) नागरी प्रचारिणी सभा, काशी
(B) बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, पटना
(C) हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग
(D) राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा

93 महावीर प्रसाद द्विवेदी से पूर्व 'सरस्वती' पत्रिका के संपादक कौन थे ?
(A) राधाकृष्ण दास
(B) किशोरीलाल गोस्वामी
(C) श्याम सुंदरदास
(D) जगन्नाथ दास

94 'ए स्केच ऑन हिन्दी लिटरेचर' के लेखक कौन हैं ?
(A) एफ.ई.के.
(B) जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन
(C) मौलवी करीम उद्दीन
(D) इडविन ग्रीब्ज

95 'ढोला मारू रा दूहा' में ढोला के पिता का क्या नाम है ?
(A) राजा जसवंतसिंह
(B) राजा नल
(C) राजा जयसिंह
(D) राजा हरराजसिंह

96 'गोरखनाथ का समय ग्यारहवीं शती है ।' यह मान्यता किस विद्वान की है ?
(A) राहुल सांकृत्यायन
(B) डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(D) डॉ. पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल

97 'नाथपंथ सिद्धों की परम्परा से ही छँटकर निकला है ।' यह कथन किसका है ?
(A) डॉ. रामकुमार वर्मा
(B) राहुल सांकृत्यायन
(C) शिवसिंह सेंगर
(D) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

98 दक्षिण के अलवार संत किस शाखा से संबंधित माने जाते हैं ?
(A) प्रेम मार्गी
(B) ज्ञान मार्गी
(C) राम भक्ति शाखा
(D) कृष्ण भक्ति शाखा

99 तुलसीदास की निम्नलिखित कृतियों में कौन सी कृति कांडों में विभाजित नहीं है ?
(A) पार्वती मंगल
(B) बरवै रामायण
(C) गीतावली
(D) कवितावली

100 श्री रामानुजाचार्य की भक्ति किस भाव की है ?
(A) दास्यभाव
(B) सख्यभाव
(C) दाम्पत्यभाव
(D) इनमें से कोई नहीं



Scanned with CamScanner